अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के संभाग तृतीय के सभागार में दिनांक 30–07–2015 को कम्प्यूटर विभाग द्वारा बी.सी.ए. एवं बी.वॉक. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया. इसके पश्चात् प्राचार्य महोदय का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया. प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता ने नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों को संबोधित कर महाविद्यालय का परिचय दिया उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने कार्यक्षेत्र में निरंतर निपुण होना जरूरी है तभी वे अपने उद्देश्य में सफलता प्राप्त कर सकते है. साथ ही विभाग के अध्यक्ष डॉ० सचिन गर्ग ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय के नियमों से अवगत करवाते हुए उनके भावी जीवन की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दी.

प्रमुख वक्ता के रूप मे श्रीमती प्रीति सबरवाल, (डॉयरक्टर, थौट फुल ऐगेजमैन्ट) उपस्थित थी. उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी विषय में जानना ही जरूरी नहीं है उसके लिए कुछ करना भी जरूरी है. इस अवसर पर कम्प्यूटर विभाग के सभी प्राध्यापक उपस्थित थे. कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों को कॉलेज बैग और जलपान का वितरण किया गया.